# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 12-02-25 | 3 | 5-8 |

## एचएयू में सेवानिवृत्त कर्मियों को सम्मानित किया

### 3 महीने में 7 वैज्ञानिक और 23 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए

भास्कर न्यूज़ | हिसार



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह किया गया। इसमें कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गत मई, जून व जुलाई माह के दौरान 30 सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने में अहम् योगदान दिया है। विवि के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत्त वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल 7 वैज्ञानिक तथा 23 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. नीरज कुमार, डॉ. मंजु महता, डॉ. सीमा रानी, डॉ. अपर्णा, डॉ. राम दयाल पवांर, डॉ. यशपाल सिंह सोलंकी व डॉ. पूनम कुंडू शामिल हैं। गैर-शिक्षक कर्मचारियों में अजित सिंह, रमेश चन्द्र चौधरी, अशोक कुमार, ओम प्रकाश, वासुदेव, धर्मबीर सिंह, महेन्द्र सिंह, सूरज भान, जय सिंह, मोमन राम, भगवान दास, चोहल सिंह, हंस राज, राजकुमार, फकीर चंद, राज पति, उमेद सिंह, लखन लाल, आनंद प्रकाश, महेन्द्र पाल सोनी, मोरधवज, परमा तथा रूप चंद शामिल है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 12.2.25 | 3 | 5 |

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

जासं• हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गत मई, जून व जुलाई माह के दौरान 30 सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने में अहम योगदान दिया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है, आपके योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 12.02.25 | 4 | 3-5 |

# हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित



*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।*

हिसार, 11 फरवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गत मई, जून व जुलाई माह के दौरान 30 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एस.वी.सी. कपिल अरोड़ा व उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल 7 वैज्ञानिक तथा 23 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए।

वैज्ञानिकों में डॉ. नीरज कुमार, डॉ. मंजु महता, डॉ. सीमा रानी, डॉ. अपर्णा, डॉ. राम दयाल पवांर, डॉ. यशपाल सिंह सोलंकी व डॉ. पूनम कुण्डू शामिल हैं, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में अजित सिंह, रमेश चन्द्र चौधरी, अशोक कुमार, ओम प्रकाश, वासुदेव, धर्मबीर सिंह, महेन्द्र सिंह, सुरज भान, जय सिंह, मोमन राम, भगवान दास, चोहल सिंह, हंस राज, राजकुमार, फकीर चंद, राज पति, उमेद सिंह, लखन लाल, आनंद प्रकाश, महेन्द्र पाल सोनी, मोरधवज, परमा तथा रूप चंद शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 12-02-25 | 5 | 1-3 |

# एचएयू में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

हिसार, 11 फरवरी (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे। उन्होंने गत मई, जून व जुलाई माह के दौरान 30 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने में अह्म योगदान दिया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है, आपके योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। वे अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर भी उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव सांझा करने का आहवान किया। प्रो. काम्बोज ने कर्मचारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान सम्मान दिया जाए।

विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल 7 वैज्ञानिक तथा 23 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. नीरज कुमार, डॉ. मंजु महता, डॉ. सीमा रानी, डॉ. अपर्णा, डॉ. राम दयाल पवार, डॉ. यशपाल सिंह सोलंकी व डॉ. पूनम कुंडू शामिल हैं, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में अजित सिंह, रमेश चन्द्र चौधरी, अशोक कुमार, ओम प्रकाश, वासुदेव, धर्मबीर सिंह, महेन्द्र सिंह, सुरज भान, जय सिंह, मोमन राम, भगवान दास, चोहल सिंह, हंस राज, राजकुमार, फकीर चंद, राज पति, उमेद सिंह, लखन लाल, आनंद प्रकाश, महेन्द्र पाल सोनी, मोरध्वज, परमा तथा रूप चंद शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 12.02.25 | 2 | 3 |

## एचएयू से सेवानिवृत्त कर्मियों को किया सम्मानित

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त होने वालों में 7 वैज्ञानिक और 23 गैर शिक्षक कर्मचारी शामिल रहे।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने मई, जून व जुलाई 2024 के दौरान सेवानिवृत्त होने वाले 30 अधिकारियों व कर्मचारियों को शॉल व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर वित्त नियंत्रक नवीन जैन, रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा, उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर आदि मौजूद रहे। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 12.02.25 | | |

# हकृवि में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह

सवेरा न्यूज/सुरेंद्र सोढी

हिसार, 11 फरवरी : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने में अहम योगदान दिया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है, आपके योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। उन्होंने गत मई, जून व जुलाई माह के दौरान 30 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल 7 वैज्ञानिक तथा 23 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डा. नीरज कुमार, डा. मंजु महता, डा. सीमा रानी, डा. अपर्णा, डा. राम दयाल पवार, डा. यशपाल सिंह सोलंकी व डा. पूनम कुण्डू शामिल हैं, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में अजित सिंह, रमेश चन्द्र चौधरी, अशोक कुमार, ओम प्रकाश, वासुदेव, धर्मबीर सिंह, महेन्द्र सिंह, सुरज भान, जय सिंह, मोमन राम, भगवान दास, चोहल सिंह, हंस राज, राजकुमार, फकीर चंद, राज पति, उमेद सिंह, लखन लाल, आनंद प्रकाश, महेन्द्र पाल सोनी, मोरध्वज, परमा तथा रूप चंद शामिल है।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 12.02.25 | | |

# एचएयू में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गत मई, जून व जुलाई माह के दौरान 30 सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर विश्वविद्यालय को ऊंचाई पर ले जाने में अहम योगदान दिया है। यह सभी के प्रयासों का ही नतीजा है कि विश्वविद्यालय आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाए हुए है, आपके योगदान का ऋण उतारा नहीं जा सकता। वे अपने आपको सेवानिवृत न समझकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर भी उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देते रहना चाहिए। उन्होंने उनसे विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने और कर्मचारियों को भावी पीढ़ी से अपने अनुभव साझा करने का आहवान किया ताकि वे भी उनकी भान्ति सहनशीलता के साथ कार्य निष्पादन कर सकें। प्रो. काम्बोज ने कर्मचारियों से कहा कि जब कभी भी रिटायर्ड कर्मचारी विश्वविद्यालय में आए तो उन्हे उचित मान सम्मान दिया जाए। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी।



| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 11.02.25 | | |

# एचएयू से सेवानिवृत हुए 30 अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज सेवा सम्मान समारोह में कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के फ्लैचर भवन के सभा कक्ष में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने गत मई, जून व जुलाई माह के दौरान सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के 30 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक नवीन जैन ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। रजिस्ट्रार डॉ. पवन कुमार ने सेवानिवृत वैज्ञानिकों व कर्मचारियों को बधाई दी, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य व लम्बी उम्र की कामना की। इस अवसर पर मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, एसवीसी कपिल अरोड़ा व उप वित्त नियंत्रक शोभित कपूर भी उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय से गत तीन माह में कुल 7 वैज्ञानिक तथा 23 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। वैज्ञानिकों में डॉ. नीरज कुमार, डॉ. मंजु महता, डॉ. सीमा रानी, डॉ. अपर्णा, डॉ. राम दयाल पवांर, डॉ. यशपाल सिंह सोलंकी व डॉ. पूनम कुण्डू शामिल हैं, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में अजित सिंह, रमेश चन्द्र चौधरी, अशोक कुमार, ओम प्रकाश, वासुदेव, धर्मबीर सिंह, महेन्द्र सिंह, सुरज भान, जय सिंह, मोमन राम, भगवान दास, चोहल सिंह, हंस राज, राजकुमार, फकीर चंद, राज पति, उमेद सिंह, लखन लाल, आनंद प्रकाश, महेन्द्र पाल सोनी, मोरधवज, परमा तथा रूप चंद शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष न्यूज | 11.02.25 | | |

# हकृवि में तीन दिवसीय जलभृत प्रबंधन एवं स्थानीय भूजल मुद्दे' विषय पर कार्यक्रम का शुभारंभ

## जल संरक्षण को राष्ट्रीय दायित्व के रूप में अपनाने का समय : प्रो. बी. आर. काम्बोज



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 11 फरवरी :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं केन्द्रीय भूजल बोर्ड, (सीजीडब्ल्यूबी) उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, चण्डीगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 'जन भागीदारी द्वारा जलभृत प्रबंधन एवं स्थानीय भूजल मुद्दे' विषय पर तीन दिवसीय द्वितीय स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहे। केन्द्रीय भूजल बोर्ड, (सीजीडब्ल्यूबी)चण्डीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक विद्या नंद नेगी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि प्रो. काम्बोज ने कहा कि भूजल के अति दोहन के कारण जल स्तर निरन्तर गिरता जा रहा है। इसलिए कृषि के लिए जल की उपलब्धता एक मुख्य समस्या के रूप में उभरकर आ रही है। यदि प्राकृतिक संसाधनों का दोहन इसी तरह जारी रहा तो आने वाले समय में सिंचाई तो दूर की बात, लोगों को पीने के लिए स्वच्छ जल की भारी कमी हो सकती है। उन्होंने बूंद-बूंद पानी का सदुपयोग करने के साथ जल उपयोग दक्षता के लिए टपका सिंचाई व फव्वारा सिंचाई को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में विश्वविद्यालय की ओर से समय-समय पर जल संरक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर सभी को पानी की कम से कम खपत करने के लिए प्रेरित किया जाता है। कृषि के लिए जल एक महत्वपूर्ण संसाधन है। जल का उचित प्रबंधन व संरक्षण करके ही आने वाली पीढ़ियों के लिए जल को सुरक्षित रखा जा सकता है। जल की लगातार बढ़ती खपत के चलते कृषि क्षेत्र के लिए जल की मात्रा घट रही है। शहरों में भूजल स्तर लगातार नीचे को खिसकता जा रहा है। पारंपरिक जल संरक्षण के व्यावहारिक उपायों को हमने आधुनिकता के दबाव में त्याग दिया। लेकिन आज जल संरक्षण को एक राष्ट्रीय दायित्व के रूप में अपनाने का समय आ गया है।

क्षेत्रीय निदेशक विद्या नंद नेगी ने कहा कि दुनिया भर के कई सिंचित क्षेत्रों में, जहाँ लाखों लोग रहते हैं, भूजल की कमी एक महत्वपूर्ण चिंता का विषय है। वैश्विक स्तर पर, भूजल निष्कर्षण कुल निकासी का 33 प्रतिशत है, जो कृषि (42 प्रतिशत), घरेलू (36 प्रतिशत) और औद्योगिक (27 प्रतिशत) आवश्यकताओं को पूरा करता है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण और इसके प्रभावी प्रबंधन के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। प्रतिभागी भूजल मूल्यांकन, निगरानी और पुनर्भरण के लिए आधुनिक तकनीकों के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे, साथ ही टोपोशीट का उपयोग करके भूभौतिकीय सर्वेक्षण और जल विज्ञान संबंधी मूल्यांकन में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकेंगे। प्रशिक्षण प्रतिभागियों को प्रभावी भूजल प्रबंधन के लिए जीआईएस और रिमोट सेंसिंग के उपयोग से भी परिचित कराएगा।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत किया। इस अवसर पर ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, सम्पदा अधिकारी एवं मुख्य अभियंता डॉ. एमएस सिद्धपुरिया, मीडिया एडवाइजर डॉ. संदीप आर्य, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, चण्डीगढ़ से डॉ. राकेश राणा, डॉ. साकिब आज़मी, डॉ. आयुष केशरवानी डॉ. अमनदीप कौर व डॉ. गार्गी वालिया उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 12.02.25 | 4 | 8 |

# तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 13 से

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 13 से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।

उपरोक्त संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 13 फरवरी को ही सुबह 9 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 12.02.25 | 9 | 1 |

## कल से मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण

हिसार। एचएयू के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 13 से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 12.02.25 | 4 | 6 |

## एचएयू में मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण कल से

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 13 से 15 फरवरी तक तीन द्विवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 12.02.25 | | |

# एचएयू में तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण 13 से शुरू

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान की ओर से मशरूम उत्पादन तकनीक विषय पर 13 से 15 फरवरी तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में देश व प्रदेश से किसी भी वर्ग, आयु के इच्छुक महिला व पुरुष भाग ले सकेंगे। उपरोक्त संस्थान के सह-निदेशक प्रशिक्षण डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि यह प्रशिक्षण निशुल्क होगा। प्रतिभागियों को संस्थान की तरफ से प्रमाण-पत्र दिए जाएंगे। इच्छुक युवक व युवतियां पंजीकरण के लिए सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी, प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में 13 फरवरी को ही सुबह 9 बजे आकर अपना पंजीकरण करवाकर प्रशिक्षण में भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण का समय प्रात: 9 बजे से 4:30 बजे तक रहेगा। यह संस्थान विश्वविद्यालय के गेट नंबर-3, लुदास रोड पर स्थित है। प्रशिक्षण में प्रवेश पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों की एक फोटो व आधार कार्ड की फोटोकॉपी साथ लेकर आनी होगी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 12-02-25 | 3 | 1-8 |

# पोटाशियम नाइट्रेट के छिड़काव से गेहूं के पौधे में बढ़ेगी तापमान सहन करने की शक्ति

## बढ़ते तापमान से गेहूं को बचाने के लिए एचएयू ने जारी की एडवाइजरी, दिन-रात का औसत तापमान 20 डिग्री से अधिक होने पर हो सकता है नुकसान

अमर उजाला ब्यूरो

हिसार। अधिकतम तापमान में एकाएक उछाल के कारण गेहूं की फसलों पर मंडराते खतरे को देखते हुए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) ने एडवाइजरी जारी की है। गेहूं विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि दिन-रात का औसत तापमान 20 डिग्री से अधिक होने पर किसान अपने खेत में पोटाशियम नाइट्रेट के घोल का छिड़काव करें। इससे फसल की तापमान सहन करने की शक्ति बढ़ेगी।

एचएयू के वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रदेश में अभी औसत तापमान 18-19 डिग्री के बीच है। ऐसे में गेहूं को लेकर विशेष खतरे की स्थिति नहीं है। औसत तापमान 20 डिग्री से अधिक जाने पर नुकसान हो सकता है। मंगलवार को दिन के तापमान में 2.5 डिग्री की गिरावट भी आई है। यह स्थिति किसानों के लिए फायदेमंद है। हिसार में सोमवार को दिन का पारा 29.4 डिग्री था, जो मंगलवार को घटकर 26.9 डिग्री हो गया है।



गेहूं की फसल। संवाद

**पिछले सालों में जनवरी-फरवरी में अधिकतम तापमान**

| तारीख | तापमान |
|---|---|
| 27 जनवरी 2021 | 33.6 |
| 27 फरवरी 2021 | 33.6 |
| 19 फरवरी 2024 | 29.4 |
| 24 फरवरी 2018 | 31.6 |
| 20 फरवरी 2017 | 31.4 |
| 25 फरवरी 2016 | 30.5 |

नोट: तापमान डिग्री सेल्सियस में

### क्यों बढ़ा तापमान

जनवरी के अंतिम सप्ताह तथा फरवरी माह के पहले सप्ताह में दो से तीन बार पश्चिम विक्षोभ आया, हालांकि इससे बारिश नहीं हुई। ऐसा होने से हवा में नमी कम हो गई। नमी कम होने से तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। पहाड़ी एरिया में बर्फबारी हुई तो रात का तापमान कम रहेगा। बारिश हुई तो भी तापमान में गिरावट आ जाएगी।

**अनुसंधान निदेशक की अध्यक्षता में बनी एडवाइजरी जारी करने पर सहमति:** डॉ. ओपी बिश्नोई ने बताया कि गेहूं को लेकर अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग की अध्यक्षता में हुई बैठक में एडवाइजरी जारी करने पर सहमति बनी। डॉ. बिश्नोई ने कहा कि तापमान औसत से अधिक रहने पर किसान को 100 लीटर पानी में 2 किलोग्राम पोटाशियम नाइट्रेट के हिसाब से फसल पर स्प्रे करना चाहिए। एक स्प्रे के दस दिन बाद दूसरा स्प्रे करना चाहिए। ऐसा करने से गेहूं के पौधे की तापमान सहन करने की शक्ति बढ़ेगी और दाना प्रभावित नहीं होगा।

### रात का तापमान कम रहने से राहत

एचएयू के मौसम विभाग के अनुसार इस समय दिन का तापमान सामान्य से 3-5 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। रात का तापमान अब भी सामान्य या इससे कम है, लिहाजा गेहूं के लिए अधिक खतरे की बात नहीं है। गेहूं के लिए रात व दिन का औसत तापमान 18 से 20 डिग्री होना चाहिए। एचएयू के गेहूं विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई ने कहा कि अगर रात का तापमान 15 डिग्री से अधिक पहुंचा तो फसल को नुकसान होगा। अगेती किस्म में इस समय बाली निकलने तथा दाना भरने का समय है। इस समय तापमान अधिक होने से बाली जल्दी निकल सकती है। इस समय औसतन तापमान 18 से 20 डिग्री के बीच होना चाहिए। सोमवार का ही उदाहरण लें तो अधिकतम तापमान 29.4 तथा न्यूनतम तापमान 7.3 था। इनका औसत निकालेंगे तो यह 19 डिग्री के करीब है।

### 16 को बूंदाबांदी की संभावना

प्रदेश में 14 से 16 फरवरी तक पश्चिम विक्षोभ का आंशिक प्रभाव दिखेगा। इसमें बदलवाही रहेगी। 16 फरवरी को दक्षिण-पश्चिम जिलों में छिटपुट बूंदाबांदी की संभावना है।
-डॉ. मदन खीचड़, अध्यक्ष, मौसम विभाग एचएयू